# होलिकोत्सव में महिलाओं ने मचाया धमाल

## महिला कल्याण संस्था की ओर से आयोजित महोत्सव का रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** महिला कल्याण संस्था की ओर से आयोजित दो दिवसीय होलिकोत्सव का समापन हो गया है। गुरवार को पलटन बाजार स्थित सिद्ध बाबा नौला से नंदादेवी मंदिर तक भव्य सांस्कृतिक जुलूस का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाएं होली गीत गाते हुए नृत्य करते हुए चल रही थी। जुलूस देखने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। सांस्कृतिक जुलूस का शुभारंभ के साथ ही जुलूस नगर के गंगोला मोहल्ला, जौहरी बाजार, रघुनाथ मंदिर, कचहरी बाजार से मल्ला महल पहुंचा, जहां महिला होल्यारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शानदार होली गीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर रंग जमा दिया। इसके बाद महिलाओं होल्यारों ने तुम सिद्ध करो महाराज होली के दिनन में ब्रह्मा, विष्णु, महेश मनाऊ इनको पूंजू आज होली के दिनन में...., आज हमर घर होली आई रे....हां-हां छैला ना खेलो होली.... आदि होली गीतों में माहौल सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता में महिला होल्यारों ने स्वांग, नृत्य होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। अल्मोड़ा में निकले सांस्कृतिक जुलूस में विविध रंग देखने को मिले। जुलूस में कोई महिला राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजी थी तो, कहीं कुमाऊं की बारात का नजारा देखने को मिला। कोई भगवान शिव और पार्वती के वेश में रंगा था। कहीं नेताओं की वेशभूषा में भी महिलाएं स्वांग करते नजर आई। सांस्कृतिक जुलूस में महिलाएं परम्परागत कुमाऊंनी वेशभूषा में नजर आई। महिला होल्यारों ने पलायन, नशाखोरी, वर्तमान में राजनीतिक हलचल, महंगाई पर स्वांग का प्रदर्शन कर कटाक्ष किया। महिलाओं ने स्वांग के जरिए कुमाऊंनी संस्कृति को बचाने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की नसीहत दी। सांस्कृतिक जुलूस और होली प्रतियोगिता में कला सांस्कृतिक ग्रुप अल्मोड़ा, हल्द्वानी, त्रिपुरा सुंदरी अल्मोड़ा, बागेश्वर, दीपालय अल्मोड़ा, नीलकंठ रानीखेत, कुमाऊं सांस्कृतिक टीम स्यूनाकोट, मां नंदा सुनंदा भवाली, कोकिला महिला समिति, नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल समेत दस टीमों ने प्रतिभाग किया। होलिकोत्सव के तहत आयोजित सांस्कृतिक जुलूस का बाजार में शामिल महिलाओं के लिए देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल और विक्टोरियां क्लब की ओर से जलपान का आयोजन किया गया था। यहां देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, महिला उपाध्यक्ष वंदना वर्मा, दीप चंद्र जोशी, मनु गुप्ता, आनंद सिंह भोज, कमल बिष्ट, नीरज थापा 'बिट्टू', सुधीर गुप्ता, अंकित पांडे, रोहित भट्ट, अरविन्द चंद्र जोशी, आराधना शुक्ला, अनिल वर्मा, मनीष तिवारी, सुनील कुमार यादव, सूरज वाणी, गौरव कुमार, पारस डसीला, सचिन बिष्ट, पवन नगरकोटी, अतुल साह, हिमांशु चौहान, भगवान लटवाल समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे। यहां संस्था के अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, सचिव पुष्पा सती, वरिष्ठ रंगकर्मी मनमोहन चौधरी, अखिलेश थापा, मीता उपाध्याय, ममता चौहान, अनीता रावत, चन्द्रा अग्रवाल, आशा पंत, दीपा, गीता साह, राधिका जोशी, रमा जोशी, सतीश जोशी, रंगकर्मी बृजमोहन जोशी, चंचल तिवारी, डा. ललित मोहन जोशी, नवीन बिष्ट समेत बड़ी संख्या में महिलाएं रहीं।




### 10 मार्च तक मांगे आवेदन

**बागेश्वर।** महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र अनिल रावत ने जानकारी दी कि औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन एवं स्थानीय हुनर को बढ़ावा देने हेतु निदेशालय एवं जिला स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत जिले के इच्छुक लघु उद्यमी, हथकरघा बुनकर एवं हस्तशिल्पी अपने उत्कृष्ट उत्पादों को जिला स्तरीय चयन हेतु 10 मार्च तक जिला उद्योग केंद्र बागेश्वर में जमा करा सकते हैं। आवेदन के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदक का जिला उद्योग केंद्र अथवा भारत सरकार के विकास आयुक्त के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। साथ ही, आवेदक किसी भी सरकारी विभाग या बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। पूर्व में इस योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त कर चुके उद्यमी/शिल्पी तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात ही पुन: पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बागेश्वर के नाम 50 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र तीन प्रतियों में 10 मार्च तक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

## एक नजर

### भाभी पर ज्वैलरी व नगदी चुरा ले जाने का आरोप

**काशीपुर।** एक महिला ने अपनी विधवा भाभी पर उसकी बेटी के जेवर और नगदी चुरा कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसपुर खुर्द निवासी मुमताज बेगम पत्नी असलम हुसैन ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी कौशर जहां पत्नी फैजान अली जो वर्तमान समय में अमेरिका में निवासरत है, करीब चार वर्ष पूर्व कौशर जहां की शादी के उपरान्त कौशर जहां ने अपनी कुछ नगदी तथा जेवरात उसे सम्भालने के लिये दिये थे। मुमताज ने बताया कि उक्त जेवरात तथा नगदी को उसने अपने घर मे बने कमरे की अलमारी में संभाल कर रखा था, अभी कुछ दिन पहले जब उसने अलमारी को खोल कर देखा तो उसकी बेटी के जेवर तथा नगदी गायब थी। मुमताज ने कहा कि उसके घर में बाहरी व्यक्तियों का आना-जाना नहीं है। 28 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक उसकी सगी विधवा भाभी निवासी कचनाल गुसाई, काशीपुर का आना-जाना हुआ था, जिस कारण उसे संदेह है कि उसकी भाभी ने ही उसके घर से नगदी व जेवरात की चोरी की है। मुमताज की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसकी भाभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### त्योहरों के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**अल्मोड़ा।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला कार्यकारिणी ने गुरुवार को नवनियुक्त एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने क्षेत्र में होली और रमजान को देखते हुए बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। मौके पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह ने आगामी होली पर्व के अवसर पर बाजारों में अत्यधिक भीड़ की स्थिति को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस गश्त चलाने की मांग की। जिससे न व्यापारियों को और ना ही खरीदारी करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़े। उन्होंने जिले के तमाम क्षेत्रों में भी नियमित गश्त लगाने की मांग की। ताकि व्यापारी निर्भय होकर अपना व्यापार कर सकें। एसएसपी ने व्यापारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। यहां मुलाकात करने वालों में मनीष जोशी, संजय अग्रवाल, दिनेश मठपाल, शहजाद कश्मीरी, पवन साह, ज्योति कपूर, संजीव गुप्ता, राकेश तिवारी, अतुल पांडे, ललित मिश्रा, अमन नज्जोंन, आशु गोस्वामी, नरेंद्र कुमार, विक्की, कमल तिवारी, प्रतेश पांडे, हर्षवर्धन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### हंगामे की भेंट चढ़ी बीडीसी बैठक

**अल्मोड़ा।** हवालबाग ब्लॉक की गुरुवार को पहली बीडीसी बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। जिसके बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया। प्रधान संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को बीडीसी की पहली बैठक होनी थी। लेकिन बैठक में कोई भी जिला स्तरीय पदाधिकारी नहीं पहुंचे। जिससे जनप्रतिनिधियों का पारा चढ़ गया। प्रधानों ने प्रशासन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव जारी कर दिया। साथ ही 15 दिन के अंदर बैठक कराने का अल्टीमेटम भी दिया। कहा कि अगर अगली बैठक में अधिकारी नहीं पहुंचे तो वह सबसे पहले ब्लॉक में ही तालाबंदी करेंगे। इसके अलावा गांवों अंदर आने वाले जितने भी केंद्र या संस्थान होंगे उन्हें भी बंद करा दिया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यहां बैठक का बहिष्कार करने वालों में ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, बीडीओ एसएस दरियाल, एबीडीओ रमेश कनवाल, एबीडीओ पंचायत प्रमेंद्र पांडे, कनिष्ठ उप प्रमुख जानकी नयाल, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, प्रेम लटवाल, सुंदर मटियानी, चंद्रिका तिवारी, चंद्र प्रकाश, अनिल मोहन, नंदन सिंह, प्रवीण मेहता, प्रमोद चंद्र जोशी, मोहन सिंह, देवेंद्र मेहरा, जमन सिंह, ममता जोशी, पंकज रौतेला, प्रकाश चंद्र जोशी, प्रदीप पालनी आदि रहे।

### उदयराज प्रेक्षागृह में हिन्दू सम्मेलन आज

**काशीपुर।** शुक्रवार, 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से उदयराज प्रेक्षागृह में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी महाराज और मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र जी (प्रान्त प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तराखंड) हमें पाथेय प्रदान करेंगे। आज जबकि दुनिया की ताकतें भारत को झुकाना चाहती हैं, ऐसे में अपने कुटुम्ब / समाज की एकता बनाये रखते हुए, स्वदेशी/स्थानीय के उपयोग से, राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति में कैसे सहायक हो सकते हैं, ऐसे ही कुछ विषयों पर जागरूकता हेतु सपरिवार लोगों को हिन्दू सम्मेलन मे पहुंचने की अपील की है। यह जानकारी नागनाथ महादेव हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, काशीपुर ने दी है।

### कोर्ट के आदेश पर 9 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली कुंडा पुलिस ने 9 व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कुदईयोंवाला निवासी पंकज कुमार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 21 सितंबर 2025 को कुछ लोग उसके रास्ते में पिलर लगाकर रास्ता बंद कर रहे थे। पंकज और उसकी पत्नी ने पुलिस को सूचित किया, लेकिन इसके बाद आरोपियों ने पंकज की रैम्प और दीवार तोड़ दी और उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला किया। पंकज ने कोर्ट में जाने के बाद पुलिस कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अब 9 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बागनाथ मंदिर में खड़ी होली प्रतियोगिता

**बागेश्वर।** स्थानीय बाबा बागनाथ मंदिर में निवर्तमान व्यापार मंडल के बैनर तले पुरुष खड़ी होली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आदर्श कालोनी की टीम प्रथम स्थान पर रही। गुरुवार को आयोजित पुरुष खड़ी होली के लिए आदर्श कालोनी तहसील रोड़, मनकोट होली ग्रुप, चामी होली ग्रुप व जय मां कोट भ्रामरी होली टीम ने प्रतिभाग किया। सभी होल्यार सुबह स्टेशन गांधी पार्क में एकत्र हुए।



जहां से होल्यारों ने नगर में आकर्षक झांकी निकाली। जिसके पश्चात बागनाथ मंदिर में प्रतियोगिता शुरू हुई। होल्यारो ने 'कैले बांधी चीर हो रघुनंदन' समेत अन्य होली गीतों से समा बांधी। निर्णायक की भूमिका में डा. राजीव जोशी, दीप चंद्र जोशी व केवलानंद जोशी ने बारीकी से सभी टीमों को परखा। जिसमें आदर्श कालोनी प्रथम, कोट भ्रामरी होली टीम द्वितीय, मनकोट होली ग्रुप तृतीय स्थान पर रही। प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7500, तृतीय पुरस्कार 51 सौ रूपये ट्राफी के साथ दी गई। जबकि चौथे स्थान पर रही चामी की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि जोशी द्वारा की गई। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में दर्ज राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, विष्ट अतिथि लक्ष्म सिंह मेहरा रहे। वही मंच में अन्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहमी, नवीन रावल, विजय बर्मा। पुष्कर किरमोलिया, हेमजोशी, राहुल शाह, अंकुर उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे। विजेता टीम को आकर्षक ट्राफी व नगद धनराशि भेंट की गई। जिले के होली दल गुरुवार को बागेश्वर में एकत्रित हुए। बस स्टेशन से बागनाथ मंदिर तक झांकी निकाली गई।

### चैक बाउंस के आरोपी को 3.4 लाख का जुर्माना व तीन माह की सजा

**काशीपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चैक बांउस को आरोपी को 3.4 लाख के जुर्माने व तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। मोहल्ला महेशपुरा निकट हनुमान मंदिर निवासी शनि चन्द्रा पुत्र अशोक कुमार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी खोखरा मंदिर कालोनी काशीपुर निवासी कपिल पुत्र प्रमोद सिंह के साथ डीजे बजाने का कार्य करता था। जान पहचान होने के कारण कपिल ने उससे मछली पाहन के लिए 2020 के मई माह में तीन लाख रूपये की मांग की जिस पर उसने तीन लाख रूपये दे दिये। कुछ माह बाद जब उसने कपिल से रूपयों की मांग की तो उसने कोरोना काल में मछली पालन ना चलने का हवाला दिया तथा मोहलत मांगी। जब उसके द्वारा फिर से पैसो का तकाजा किया गया तो कपिल ने उसे 6 मई 2022 को उधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को आपरेटिव बैंक का तीन लाख रूपये का चैक दिया। जब उसने उक्त चैक 7 मई 2022 को अपने खाते में लगाया तो खाते में रकम न होने के कारण चैक बाउंस हो गया। जिसके बाद उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 31 मई 2022 को अभियुक्त के पते नोटिस भेजा। नोटिस तामील होने के उपरांत भी कपिल ने उसकी रकम वापस नहीं की। प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि)/न्यायिक मजिस्ट्रेट दीप्ति पंत ने अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद फैसला सुनाया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SUKHPREET KOUR से बदलकर SUKHPREET KAUR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

Sukhpreet Kaur
W/o Kulvinder Singh
Vill. Barkheda Pandey
Kashipur, Distt. Udham
Singh Nagar, Uttarakhand.

# रानीखेत के रिहायशी इलाकों में गुलदार की दस्तक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** नगर क्षेत्र में लगातार गुलदार के दिखाई देने की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। मुख्य बाजार सहित बद्री व्यू, जरूरी बाजार, सुदामापुरी, राजपुर, सरना गार्डन, केमू स्टेशन, सेवासदन, स्प्रिंग फील्ड और बाजार से लगे अन्य रिहायशी मोहल्लों में प्रतिदिन शाम के समय गुलदार देखे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थिति से चिंतित नागरिकों एवं व्यापारियों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई दिनों से गुलदार की गतिविधियां नियमित रूप से देखी जा रही हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और व्यापारियों में भय व्याप्त है। आरोप लगाया गया कि अब तक न तो प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरा लगाया गया है और न ही वन विभाग की सघन गश्त स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि प्रभावित इलाकों में तुरंत पिंजरा लगाया जाए, वन विभाग द्वारा नियमित गश्त की व्यवस्था की जाए तथा चेतावनी सूचना और जागरूकता अभियान चलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व व्यापार उपाध्यक्ष नेहा साह माहरा, कुलदीप कुमार, पूर्व व्यापार मंडल उप सचिव विनीत चौरसिया, सोनू सिद्दीकी, अभिषेक कांडपाल, छात्र संघ अध्यक्ष हर्षित रौतेला, उपाध्यक्ष पारस खत्री, सचिव गौरव तिवारी, उप सचिव प्रियांशु चंद्र, पंकज गुरुरानी, प्रदीप रावत, अनिल कुमार, मीना देवी, कैलाश चंद्र, नीता बिष्ट, गीता देवी थीं।

# होली प्रतियोगिता ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** क्षेत्र के ऐरोड़ ग्राम सभा में कुमाऊं की पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर बैठकी होली को नया आयाम देते हुए भव्य बैठकी होली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम भगवान गणेश की होली का गायन किया गया, जिसके बाद महिलाओं ने क्रमवार पारंपरिक होलियां प्रस्तुत कर समां बांध दिया। होलियार पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम देवता गोल्ज्यू और बीरम्बू महाराज का आह्वान भी किया गया। प्रतियोगियों ने सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन, आज ब्रिज में होली रे रसिया, कुमाऊनी होली मेरो रंगीलो देवर घर आ रची और जल कैसे भरूं जैसी होलियों को चटपटे और पारंपरिक अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अपने चरम पर पहुंचा तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो संपूर्ण बृज मंडल ऐरोड़ में उतर आया हो। ग्रामवासियों ने आपसी सौहार्द और एकता का परिचय देते हुए बढ़-चढ़कर भागीदारी की। प्रतियोगिता के निर्णायक राजेंद्र पंत एवं दीपक पंत रहे। प्रतियोगिता में नकुड़ा बाखली ने प्रथम, थापालिया ने द्वितीय और बीच बाखली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि भरत मेहरा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजक मंडल में ग्राम प्रधान खष्टी अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य शोभा मेहरा, कैलाश अधिकारी, दीपक मेहरा, राजेंद्र मेहरा, प्रमोद, भूपेंद्र मेहरा, सौरव अधिकारी, दीपा देवी, शांति देवी, भगुली देवी थे।



# कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में भाजपा महिला मोर्चा ने गुरवार को कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देश की गरिमा के प्रतिकूल बताते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल ने कहा कि कांग्रेस समय- समय पर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को आघात पहुंचाने वाले कदम उठाती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की गतिविधियां देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचाती हैं। कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया कृत्य देश की मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा इसका कड़ा विरोध करती है और राष्ट्र सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। ऐसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाना आवश्यक है। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए और कांग्रेस नेतृत्व से इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की। यहां प्रदर्शन करने वालों में दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, किरन पंत, बीना नयाल, मीना नेगी, कमला तिवारी, दया देवी, रश्मि रस्तोगी, ममता साह, कविता वर्मा, सोनी जोशी, चंपा कांडपाल, माया जोशी, राम जोशी, चंपा पांडे, मीना भैंसोड़ा, रवि रौतेला, विनीत बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, राजीव गुरुरानी, मनीष जोशी, इन्द्र नेगी, प्रमोद, देवेंद्र भट्ट आदि रहे।



# कोटाबाग से पंगोट मोटर मार्ग का निर्माण जल्द

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग से पंगोट मोटर मार्ग का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा। लम्बे समय से लंबित कोटाबाग पंगोट मोटर मार्ग की कटिंग का कार्य शुक्रवार को शुरू हुआ। इस कार्य का शुभारंभ नैनीताल विधायक सरिता आर्य ने किया। विधायक सरिता आर्य ने इस अवसर पर कहा कि इस मार्ग के बनने से नैनीताल और कोटाबाग सीधे जुड़ जाएंगे, जिससे कोटाबाग वासियों को कई समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मार्ग से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र का विकास होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान रजनी देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल पंत, ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश सनवाल, प्रभा पांडे, दीपचंद तिवारी, बालम मनराल, क्षेत्र पंचायत सदस्य तरुण कुमार, कंचन पंत, पूरन अरोड़ा, नंदन सिंह, महेंद्र बिष्ट, प्रमोद पांडे, देवेंद्र जोशी और अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे। उन्होंने विधायक सरिता आर्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मार्ग से कोटाबाग क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।



# रामलीला मैदान में हिन्दू सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मां सरयू समिति के तत्वधान में कपकोट रामलीला मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र ने कहा कि युवाओं को अपनी पर परंपरा व संस्कारों से जुड़ना होगा। कार्यक्रम ने धर्मगुरु देवानंद महाराज ने हिन्दू समाज की एकता पर प्रकाश डाला। विधायक गढ़िया ने कहा कि हिंदू सम्मेलन हमारी आस्था और सनातन परंपराओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। समाज में सद्भाव सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका देने की सोच पैदा करनी होगी। ताकि भारत शसक्त एवं श्रेष्ठ देश बन सके। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व अध्यक्ष बिक्रम सिंह शाही, ब्लाक प्रमुख भावना शाही सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

# भाजपा विधायक पर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** देहरादून में बेसिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल के साथ भाजपा विधायक उमेश शर्मा काउ और उनके सहयोगियों के द्वारा की गई मारपीट से क्षुब्ध महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी के यहां सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करते हुए भाजपा विधायक उमेश शर्मा काउ और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में आज जंगल राज का तांडव है। प्रदेश में अब नौकरशाही भी सुरक्षित नहीं है। अधिकारियों को खुलेआम उनके कार्यालय में पीटा जा रहा है। भाजपा सरकार पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा, मुशर्रफ हुसैन, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, सुरेश शर्मा जंगी, विमल गुड़िया, एडवोकेट उमेश जोशी, अरुण चौहान, इंदर सेठी, जितेंद्र सरस्वती, चंद्रभूषण डोभाल, इंदर सिंह एडवोकेट, राजेश शर्मा एडवोकेट, पार्षद राशिद फारूकी, अनीस अंसारी, सरित चतुर्वेदी, सुरेंद्र कुमार बाठला, सुशील भटनागर, अक्षत मिड्डा एडवोकेट, विनोद शर्मा होंडा, राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी,
नैनीताल 9756682163

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)
Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी
अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

## नौ ओवरलोड समेत 19 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग ने ओवरलोडिंग, बिना फिटनेस, बिना टैक्स वाले वाहनों पर कार्रवाई की है। परिवहन विभाग ने 25 वाहनों के चालान किए। साथ ही 9 ओवरलोड समेत 19 वाहनों को सीज किया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का पालन न करने, ओवरलोडिंग, बिना फिटनेस, बिना टैक्स वाले वाहनों पर कार्रवाई की है। जिसमें 25 वाहनों के चालान किये गये। 9 ओवरलोड सहित 19 वाहनों को सीज किया गया। टीम में परिवहन उप निरिक्षक गोकुल सिंह सुप्याल, परिवहन सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह बोरा, गणेश जोशी,रवि क्यूरा, डिंपल सिंह गौरव सिंह, पूरन सिंह बिष्ट आदि थे।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई बाइक

## युवक-युवती की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुराना खेड़ा बस्ती निवासी 25 वर्षीय युवक और उसकी महिला मित्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अजय पाल सिडकुल की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। अचानक हुए इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और बाइक अनियंत्रित होने का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह अजय पाल 20 वर्षीय महिला मित्र रोली, जो शांति कॉलोनी भदईपुरा की रहने वाली बताई जा रही है, उसके किराए के मकान पर आई थी।

इसके बाद दोनों किसी काम से बाइक पर सवार होकर गदरपुर की ओर गए थे। बताया जा रहा है कि आवश्यक कार्य निपटाने के बाद जब दोनों वापस लौट रहे थे, तभी बागवाला गांव के समीप हाईवे पर अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार उछलकर हाईवे किनारे जा गिरे। हादसे में युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस और सिडकुल चौकी पुलिस जिला अस्पताल पहुंची तथा आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार को दोनों शवों के पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल परिसर में शोक संतप्त परिवारों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। इस दुख की घड़ी में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई जनप्रतिनिधियों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने मृतकों के माता-पिता और परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि जवान बच्चों को खोना माता-पिता के लिए असहनीय और जीवन का सबसे बड़ा दुख है। ठुकराल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और परिजनों को इस वज्रपात को सहने की शक्ति दे। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और परिजनों के प्रति सहानुभूति प्रकट की।

### एक नजर

## बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रेरित होकर उत्तराखण्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनसमर्थन निरंतर सुदृढ़ हो रहा है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के समक्ष रुद्रपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



हल्द्वानी स्थित भाजपा संभाग कार्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में निर्दलीय रुद्रपुर ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, ज्येष्ठ प्रमुख संजय सिंह, कनिष्ठ प्रमुख भारती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य नितिन यादव, रुचि पाल, जय नारायण, मोहम्मद आरफीन, ग्राम प्रधान दीपिका देवी सहित विभिन्न दलों से जुड़े अनेक जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जनहितकारी नीतियों एवं विकासवादी सोच पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, नैनीताल जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, पिथौरागढ़ जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, उधमसिंहनगर जिला महामंत्री तरुण दत्ता सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तलवार फॉर्म जमीन विवाद में दूसरे पक्ष ने प्रशासन से की सुरक्षा की मांग



- **एसडीएम तुषार सैनी को सौंपा प्रार्थना पत्र**
- **खेती करने में व्यवधान डालने व मुख्तार खास को परेशान करने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सुनील भटनागर, अनिल भटनागर, पुत्र इंद्रजीत भटनागर निवासी खटीमा, सीके आनंद पुत्र भगत राम निवासी निजामुद्दीन वेस्ट न्यू दिल्ली ने उप जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंप कर बताया कि ग्राम बगुलिया, दमगड़ा तथा खालीमहुवट में उसकी भूमि है, जो वर्ग एक-क संक्रमणीय भूमि है जिसका वह मालिक है। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों गांव की भूमि को कश्मीर सिंह पुत्र करतार सिंह को बटाई पर खेती करने के लिए दे रखा है तथा उनको अपना मुख्तार खास बना रखा है। वहीं मोहिनी भाटिया पत्नी सुभाष भाटिया, शिवानी सेठ पत्नी विक्रम सेठ, अनुज भाटिया, सुमित भाटिया पुत्र लव भाटिया, आदर्श भाटिया पत्नी लव भाटिया हाल निवासी दिल्ली ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी जमीन किरन तलवार को हिस्से बटाई पर खेती करने के लिए थी। जिसका किरन तलवार द्वारा बराबर हिस्सा बटाई दिया गया।

नवीन भाटिया ने आरोप लगाया उनके दादा की फर्जी वसीयत व फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर किरन तलवार ने अपने परिवार वालों के नाम करा लिया, जिसको वर्तमान में निरस्त कर दिया गया है। वहीं उन्होंने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पिता अजय भाटिया पुत्र बालकिशन ने उक्त तीनों गांव की जमीन बटाई पर कश्मीर सिंह पुत्र करतार सिंह को दिया है। जिस पर वह खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही उक्त लोगों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि किरन तलवार, युवराज तलवार तथा निर्मल सिंह द्वारा उनके मुख्तार खास कश्मीर सिंह को परेशान किया जा रहा है तथा खेती करने में व्यवधान डाला जा रहा है। वहीं उन्होंने प्रार्थना पत्र सौंप कर खेती करने में व्यवधान करने से रोके जाने का आदेश पारित करने की गुहार लगाई है।

एसडीएम सैनी ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि भूमि के मूल मलिकों द्वारा सुरक्षा की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि मामले में दोनों पक्ष कोर्ट की शरण में गए हैं वहां से जो भी फैसला आता है सर्वमान्य होगा।

# नगर में निकाली गई भव्य एवं विशाल निशान यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार शाम को लोक विहार स्थित शिव मंदिर से गल्ला मण्डी स्थित श्री श्याम मंदिर तक एक भव्य एवं विशाल निशान यात्रा निकाली गयी। श्याम बाबा के जयकारों के बीच निकली इस यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा क्षेत्र हारे का सहारा-बाबा श्याम हमारा के जयघोष से भक्तिमय हो गया।

निशान यात्रा में विशेष रूप से पहुंचे पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल ने भी अपने हाथों में निशान लेकर पदयात्रा की और बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के अवतार बाबा खाटू श्याम की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सनातन धर्म और धार्मिक उत्सव समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे का संचार करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। निशान यात्रा में मुख्य रूप से अनुराग शर्मा, यश पाठक, वैभव शर्मा, अरूण गुप्ता, पंकज गुप्ता, अध्यांश गौड़, चिराग, नैतिक, अनिल गुप्ता, रमेश जायसवाल, सागर, विनोद भाटिया, भरत, सुरभि, सलोनी, पूनम, राधिका, सरिता, सुमन, मीना, नेहा, प्रीति, ऋचा, राधिका, विनीता, काजल आहूजा, रूचि, अमन, साहिल, सन्नी, अजय, संदीप, भावना, बबीता, सृष्टि समेत सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अटरिया मंदिर का दानपात्र उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने अटरिया मंदिर को अपना निशाना बनाते हुए नगदी से भरा एक दानपात्र को चुरा लिया। चोरी की यह वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्रात: मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर के पुजारी ने मामले की सूचना सिडकुल चौकी पुलिस को दी। मंदिर में चोरी की जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस के साथ एसपी क्राईम उत्तम सिंह नेगी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद मंदिर के आस पास क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को मंदिर से कुछ दूरी पर कल्याणी नदी किनारे चोरी किया गया दानपात्र व चोरों द्वारा मुंह पर लपेटा गया कपड़ा पड़ा मिल गया।

दानपात्र में से सारी नगदी गायब थी। इस मौके पर फारेंसिस टीम ने भी जरूरी साक्ष्य एकत्रित किये। मंदिर कमेटी के सचिव अरविन्द शर्मा ने बताया कि मंदिर में रखे पांच दानपात्रें में लगभग 80 से 90 हजार रूपये होगें। मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई वहीं कई जनप्रतिनिधि भी वहां पर आ पहुंचे। एसपी सिटी ने बताया कि मामले में तेजी से छानबीन की जा रही है पुलिस जल्द ही चोरों तक पहुंच जाएगी।

## मड़ैया हट्टू में अवैध शराब पर छापा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उधम सिंह नगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना केलाखेड़ा अंतर्गत चौकी बेरिया दौलत पुलिस ने गुरुवार को मड़ैया हट्टू क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण पर कार्रवाई की।

**भट्ठी ध्वस्त कर आठ हजार लीटर लहन किया नष्ट**

नाले के किनारे संचालित एक अवैध शराब भट्ठी को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस ने कच्ची शराब तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए तथा करीब 8,000 लीटर लहन नष्ट कर दिया। कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध मादक पदार्थों के निर्माण व तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेश सिंह मेहरा (प्रभारी चौकी बेरिया दौलत), अपर उपनिरीक्षक मुकेश चंद्र एवं कांस्टेबल जगदीश सिंह नगरकोटी शामिल थे।

## विधायक पत्नी कविता ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विधायक भुवन चंद्र कापड़ी की पत्नी कविता कापड़ी की देखरेख में पीलीभीत रोड स्थित एक होटल में भव्य होली मिलन समारोहृ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जहां नगर एवं दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र की महिला ने प्रतिभाग किया वहीं कुमांऊनी होली, थरुवाटी होली सहित बृज की राधा - कृष्ण की होली का संयुक्त कार्यक्रम चला।

रंग बिरंगी वेशभूषा में सजी महिलाओं ने एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। वही रंगों के इस त्यौहार को खुशी के साथ आपसी मनमुटाव राग द्वेष को भुलाकर एक दूसरे के गले मिलने की परंपरा को संवारने व अक्षूण रखने का संकल्प दोहराया। होली मिलन समारोह में थरुवाटी एवं कुमांऊनी खड़ी होली तथा बृज की होली के कलाकारों ने संयुक्त रूप से खड़ी होली के बोलो पर खूब रंग जमाया। होली मिलन समारोह के सम्मलित महिला होल्यारों को विधायक पत्नी कविता कापड़ी, रश्मि कापड़ी एवं विधायक कापड़ी की माता गोविंद कापड़ी ने अबीर गुलाब लगाकर बधाई दी।

# रुद्रपुर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के लिए कसी कमर

- **नगर निगम ने तैयार किया 'एक्शन प्लान', महापौर और पार्षदों के बीच मंथन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम रुद्रपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण की राष्ट्रीय रैंकिंग में लंबी छलांग लगाने के लिए अपने अभियान को विस्तार देना शुरू कर दिया है। पिछले सर्वेक्षणों में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान और राष्ट्रीय स्तर पर 69वीं रैंक हासिल कर अपनी क्षमता सिद्ध कर चुके नगर निगम ने अब देश के टॉप-10 स्वच्छ शहरों की सूची में जगह बनाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी महत्वाकांक्षी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम सभागार में महापौर की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और पार्षदों ने मिलकर स्वच्छता के नए मानकों पर व्यापक मंथन किया।

महापौर विकास शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि शहर के सम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा एक जन-आंदोलन है, जिसमें हर नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने सभी पार्षदों और शहरवा. सियों से इस मिशन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि एक सामूहिक संस्कार है। उन्होंने पिछली बार मिले चार महत्वपूर्ण पुरस्कारों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले प्रयासों ने हमें आत्मविश्वास दिया है, लेकिन इस बार का लक्ष्य कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण और बड़ा है।

महापौर ने कहा कि इस बार रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए मिलजुलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि देश में टॉप 10 श्रेणी हासिल करना हमारा लक्ष्य है। पार्षदों और शहर के नागरिकों का सहयोग मिला तो यह लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। महापौर ने पार्षदों से सुझाव मांगते हुए कहा कि वार्डों को पॉलीथिन मुक्त करना और जन-जागरूकता को जमीनी स्तर पर ले जाना ही सफलता की कुंजी होगी।

नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 के लिए निगम द्वारा तैयार किए गए विस्तृत एक्शन प्लान की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों के बीच स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों के पार्षदों और सुपरवाइजरों को सम्मानित किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के सौंदर्यकरण के लिए विशेष रूप से 10 सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जा रहे हैं, जो स्वच्छता की थीम पर आधारित होंगे। इसके साथ ही वार्ड 28 और रुद्रा वेंडिंग जोन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ट्विन बिन (दोहरे डस्टबिन) स्थापित किए जाएंगे, ताकि कचरे का निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जा सके। जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का सहारा लिया जा रहा है। कचरा प्रबंधन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए नगर निगम के मयंक कुमार ने बैठक में उपस्थित लोगों को कचरा पृथक्करण और घर पर खाद बनाने की विधि समझायी। बैठक के समापन पर सभी पार्षदों और अधिकारियों ने मिलकर रुद्रपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर एसएनए राजू नवियाल, स्वास्थ्य अधिकारी डा. पियूष रंजन, पार्षद प्रमोद शर्मा, राजेश जग्गा, सुशील चौहान, इन्द्रजीत सिंह, सौरभ बेहड़, राधेश शर्मा, निमित शर्मा, गौरव खुराना, पवन राणा, सचिन मुंजाल, विष्णु, सौरभ शर्मा, उमेद अधिकारी और कुलदीप सहित नगर निगम के तमाम अधिकारी, कर्मचारी और पार्षद उपस्थित रहे।

## स्वच्छता एवं पॉलीथिन उन्मूलन का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं पॉलीथिन उन्मूलन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रोफे एस एस मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पॉलीथिन का उपयोग बंद कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया,इसके साथ ही पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने आमजन को कपड़े या जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया।पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## ध्रुव चावला को न्याय दिलाने को लेकर निकाला कैंडिल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद उधम सिंह नगर के मुख्यालय रुद्रपुर में दिवंगत युवा ध्रुव चावला की आत्मिक शांति एवं परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मौत के मामले का खुलासा न होने से युवाओं और व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। कैंडल मार्च के माध्यम से प्रशासन को शीघ्र जांच पूरी कर दोषियों को बेनकाब करने का संदेश दिया गया।

परिवारजनों एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में निकाला गया यह मार्च सिविल लाइन स्थित अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर महाराजा रणजीत सिंह चौक, मुख्य बाजार मार्ग होते हुए भगत सिंह चौक पर संपन्न हुआ। हाथों में मोमबत्तियां लिए सैकड़ों की संख्या में लोग शांतिपूर्वक आगे बढ़ते रहे और "ध्रुव चावला को न्याय दो" के नारे गूंजते रहे।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एक होनहार युवा की संदिग्ध मौत का खुलासा एक सप्ताह बाद भी न होना गंभीर चिंता का विषय है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने स्पष्ट कहा कि जब तक मामले का निष्पक्ष खुलासा नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जांच में तेजी लाई जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

कैंडल मार्च में विजय फुटेला, एकता धावला, दुमिता, चेतन मांगट, संजय जुनेजा, रजत विष्ट, मानव ललित विष्ट, मोहन अरोरा, चेतन भट्ट, अशफ धावला, कमल फुटेला, अमन चीमा, रुद्राक्ष शुक्ला, अमर सिंह यादव, मधुर चौहान, सुखवंत सिंह विक्की, गोविंद साहनी, सुमित गंगवार, दीपु महरा, सत्ता कोली, विनय जाशी, भरत पाल, पवन गाबा, मनदीप सिंह, शिवा चावला, शिवम सेठी, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, राजेश कामेरा, राजकुमार खनिजो सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिजिटल जनगणना के लिए प्रशिक्षण का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला सभागार में आयोजित तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम दिवस पर समापन किया गया। आगामी जनगणना कार्य को सफल एवं त्रुटिरहित संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण में सुप. रवाइजरों एवं गणनाकारों को डिजिटल डेटा संकलन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनर दिनेश बिष्ट एवं विमलेश प्रजापति द्वारा प्रतिभागियों को डिजिटल एप्लीकेशन के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री, मोबाइल एप के उपयोग, हाउस लिस्टिंग, परिवार विवरण तथा आधारभूत सुविधाओं के सही अंकन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान करते हुए प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस बार जनगणना कार्य पूर्णत: डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिससे आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उप जिलाधिकारी/ओसी गौरव पाण्डेय ने समापन अवसर पर कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, सभी कार्मिक पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए सही एवं अद्यतन जानकारी दर्ज की जाए। मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से परिवारों से जानकारी संकलित की जाएगी, जिसके लिए वे अपने स्मार्ट फोन का उपयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त नागरिकों को एक निर्धारित वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। कार्यशाला में तहसीलदार, नगर निकाय अधिकारी व संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई रामनगर द्वारा रामनगर महाविद्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में भाजपा नेता इंदर सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन का आध्यात्मिक संदेश है।जब शीत ऋतु समाप्त होकर वसंत आता है, तो प्रकृति की तरह हमें भी मन के द्वेष,अहंकार और नकारात्मकता को त्याग कर प्रेम, ऊर्जा और नवचेतना को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रंगों की यह परंपरा हमें सिखाती है कि विविधता में ही सुंदरता है, और आपसी प्रेम ही समाज की सच्ची शक्ति है। यह होली मिलन कार्यक्रम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामनगर ने छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे के नेतृत्व में किया। इस दौरान दिनेश मेहरा, रोहित मेहरा, पीयूष जोशी, यतिन रौतेला, नितेश शर्मा, हीरा भंडारी, नीरज कंडारी, कंचन पांडे, विशाखा चौहान,सूरज पांडे, ऋषभ अग्रवाल, ध्रुव, रोहित, रावत, मानसी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने गुरुवार को वार्ड नंबर पांच में कांग्रेस पार्टी के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कुसुम सैनी ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर अंत. रराष्ट्रीय मंच पर देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में, जहां विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल और महिला प्रतिनिधि मौजूद थे, वहां कांग्रेस नेताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन भारतीय संस्कृति और परंपरा के खिलाफ है। उन्होंने इसे देश की छवि धूमिल करने वाला कृत्य बताया। कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे आचरण के लिए पार्टी नेतृत्व को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से पूरे देश के समक्ष सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। प्रदर्शन में अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस, विक्की राजहंस, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, शिवा, गीता सैनी, अर्चना शर्मा, रीना सक्सेना, नीलम राठी, सुनीता चंद्रा, दिव्या गोयल, सरिता, निशा शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।


**सम्बंध विच्छेद**

मैं शुभम निषाद पुत्र श्री रामसुख निषाद अपने माता-पिता एवं घर के अन्य सदस्यों के दुर्व्यवहारों से तंग आकर उनसे अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर रहा हूं। मैं और मेरी पत्नी से मेरे परिजनों का कोई वास्ता -सरोकार नहीं है।

**शुभम निषाद पुत्र श्री रामसुख निषाद निवासी-वार्ड नं.-2 ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**

# पुलिस ने किया गैंगरेप केस का खुलासा

- तीन आरोपी दबोचे, घिनौनी करतूत का वीडियो भी बनाया
- मुख्य आरोपी देवर ने पकड़े जाने के डर से खा लिया था जहर, भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला मुख्यालय रुद्रपुर में हुए गैंगरेप केस का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में पीड़ित महिला का देवर भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी संलिप्तता अहम मानी गई है।

एसएसपी अजय गणपति ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीती 22 फरवरी की रात लगभग 9 बजे, पीड़िता अपने देवर करन के साथ गांधी पार्क में आयोजित 'सरस मेले' से पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान मोदी मैदान के पास करन के तीन परिचित युवक राजा रस्तोगी, विशाल और अभय सक्सेना उर्फ चाइना दो मोटरसाइकिलों से वहां पहुंचे। आरोपी चाइना, करन और पीड़िता को बाइक पर बैठाकर ठंडी सड़क स्थित 15 एकड़ मैदान में ले गया।

वहां पीछे-पीछे विशाल और राजा रस्तोगी भी पहुंच गए। पुलिस के अनुसार, सुनसान स्थान पर सबसे पहले अभय सक्सेना उर्फ चाइना ने महिला के साथ बलात्कार किया, जिसके बाद राजा रस्तोगी ने भी उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शर्मनाक बात यह रही कि पीड़िता का सगा देवर करन और उसका साथी विशाल मौके पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने इस हैवानियत को रोकने के बजाय आरोपियों का साथ दिया। आरोप है कि इस घिनौनी करतूत का वीडियो भी बनाया गया। घटना के बाद पीड़िता ने 24 फरवरी को कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल धारा 351(3), 70(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया।

महिला संबंधी इस जघन्य अपराध को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अजय गणपति ने एसपी सिटी, एसपी अपराध और सीओ रुद्रपुर के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने पूरी रात संभावित ठिकानों पर दबिश दी और वैज्ञानिक साक्ष्यों व सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने जिला अस्पताल के पास से तीन आरोपियों को स्प्लेंडर मोटरसाइकिल यूके 06बी0587 सहित दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पीड़िता का देवर करन सिंह उम्र 19 वर्ष, निवासी भदईपुरा, राजा रस्तोगी उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं- 18, रुद्रपुर, विशाल गुप्ता उर्फ बिट्टू उम्र 25 वर्ष, निवासी भदईपुरा शामिल हैं। प्रकरण का मुख्य आरोपी अभय सक्सेना उर्फ चाइना गिरफ्तारी के डर से 24 फरवरी को ही कोई विषाक्त पदार्थ (जहर) गटक गया। वर्तमान में उसका उपचार पुलिस निगरानी में जिला अस्पताल रुद्रपुर में चल रहा है। एसएसपी ने बताया कि डॉक्टर से अनुमति मिलते ही उसे भी विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने विवेचना के दौरान मामले में धारा 3(5) और 115(2) BNS की वृद्धि भी की है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने के लिए न्यायालय में सशक्त पैरवी की जाएगी।

# केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।यह विरोध प्रदर्शन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु और अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लखनपुर मुख्य चौराहे पर पुतला दहन करते हुए घगिरफ्तारी का विरोध किया।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए तानाशाही रवैया अपना कर दिल्ली पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह घ्लोकतंत्र पर हमला है। कहा कि उदय भानु और अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बिना किसी ठोस आधार के जेल भेजना लोकतंत्र की हत्या है। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को जल्द से जल्द रिहा नहीं किया गया, तो यह आंदोलन देशव्यापी रूप लेगा।भाजपा सरकार,युवाओं और विपक्ष के संघर्ष से डर गई है और कांग्रेस की आवाज को दबाना चाहती है।जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक इस अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे। इस अवसर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी, विकाश कुमार आर्य, अमित कुमार, अमित पाल सिंह रावत, सचिन कुमार आर्य, सोनू तिवारी, नितिन शाह मालधन, दीपक रावत, दीपक राणा, मोहम्मद अनस, शिवन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राउमावि खूनाबोरा में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता नेहा पांगती ने किया।



यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों को तंबाकू के सेवन से होने वाले सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों के विषय में जागरूक करना था। श्री उपाध्याय ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तंबाकू निषेध संबंधी कानूनी प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, राजेश्वरी जुकरिया, कमला जोशी ने सराहनीय योगदान दिया।

### जीवन सिंह बने वॉइस ऑफ मीडिया के कुमाऊं अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** वॉइस ऑफ मीडिया संगठन में संगठनात्मक विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जीवन सिंह बिष्ट को कुमाऊ अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले तथा राष्ट्रीय महासचिव दिव्य भौंसले द्वारा उन्हें सौंपी गई।उन्होंने संगठन को प्रदेश स्तर पर सशक्त बनाने, मीडिया कर्मियों को एक मंच पर जोड़ने तथा समाजहित में सकारात्मक पहल करने का संकल्प भी व्यक्त किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले ने कहा कि जीवन सिंह बिष्ट के अनुभव, समर्पण और कार्यशैली से संगठन को कुमाऊं में नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं राष्ट्रीय महासचिव दिव्य भौंसले ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में वॉइस ऑफ मीडिया का विस्तार और अधिक प्रभावी ढंग से होगा। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तथा प्रदेश के अध्यक्ष ने भी जीवन सिंह बिष्ट को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### धूमधाम के साथ मनाया पर्वतीय सभा का स्थापना समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पर्वतीय सभा का 38 वां स्थापना समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता बीना रावत व संचालन जे सी लोहनी के द्वारा किया गया, स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि हेमचंद भट्ट ,विशिष्ट अतिथि नंदन सिंह बसनाल और विनोद पपने रहे।

स्थापना समारोह में क्रीड़ा विधा से अरविंद चौधरी शिक्षा विधा से देवेंद्र सिंह नेगी रंगकर्म विधा से कुमारी किरण कोतवाल ,सामाजिक कार्य विधा से शिव सिंह रावत जनप्रतिनिधि विधा से संजय रावत,कौशल्या शर्मा खेल खिलाड़ी विधा से कनिष्क बिष्ट, पत्रकारिता से गिरीश पांडे व खुशाल सिंह रावत ,साहित्य विधा से योगेश्वर प्रसाद देवरानी विधि कानून विधा से दीपक जोशी एडवोकेट, सैन्य सम्मान विधा से दिगंबर सिंह मनराल को समाज में उनकी उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश कोटवाल, किरण कोटवाल एवं आयुष एकेडमी संगीत विद्यालय पैंठपड़ाव रामनगर के बच्चों द्वारा संगीतमय रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान स्थापना समारोह में संरक्षक दिनेश चंद्र जोशी निखिलेश उपाध्याय, प्रबंधन कार्यकारिणी के हेम पांडे दिनेश जोशी, एडवोकेट पंकज सत्यावली, एडवोकेट बालम सिंह बिष्ट, बी एस डंगवाल ,मंजू जोशी ,प्रदीप पांडे ,प्रकाश पांडे बालम डंगवाल ,भावना भट्ट नवीन चंद तिवारी चंद्रशेखर पन्त, भुवन चंद शर्मा ,दया किशन सुयाल ,नवीन चंद तिवारी , भुवन चंद्र पपने हिमांशु तिवारी, सभासद सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया है।

> **विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया बुलेट मोटर साइकिल की मांग का आरोप**

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंजीत कौर पुत्री अमरजीत सिंह निवासी ग्राम खमरिया की तहरीर पर पुलिस ने पति,सास,ससुर सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज किया है।तहरीर में विवाहिता ने आरोप लगाया हैं की उसका विवाह लगभग 6 माह पूर्व सुखविन्दर सिंह पुत्र आत्मा सिंह निवासी-ग्राम गुरूनानक नगरी गोठा ,थाना सितारगंज जिला ऊधम सिंह नगर के साथ हुआ हैं, उसके माता-पिता द्वारा उपहार स्वरूप दहेज में घर का सारा घरेलू सामान , सोने के आभूषण भी दिये है। पीडीता का आरोप हैं की विवाह के कुछ दिन बाद ही पति सुखविन्दर सिंह, सास सुन्दरा कौर, ससुर आत्मा सिंह, व ननद सोना उर्फ सोनी कौर, नन्दोई गुरमीत सिंह तथा ताई सास संतो कौर, जेठ सुरजीत सिंह उर्फ सरनू कम दहेज लाने के ताने देने लगे और बुलेट मोटर साइकिल की मांग करने लगे , मांग पूरी ना होने पर पति व सास-ससुर सहित सभी उसके साथ मारपीट व गाली गलौव व क्रुरात्मक व्यवहार करने लगे ,पुलिस ने विवाहित की तहरीर पर नामजद सात लोगों के विरुद्ध दहेज अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नन्दपुर नरका टोपा में चोरों का तांडव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नन्दपुर नरका टोपा में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने ताबड़तोड़ तीन घरों में धावा बोलकर नगदी और लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए चोरों की पहचान में जुटी है।

- एक ही रात तीन घरों में लाखों की चोरी

गांव में किराये के मकान में रहने वाली मीनू पत्नी विजनेश के घर चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। मीनू के पति तीन दिन पहले आगरा गए थे और वह स्वयं रात में अपनी मां के घर सोने चली गई थीं। सुबह मकान मालिक ने ताला टूटा देखा। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और इलाज के लिए रखे 20 हजार रुपये गायब थे। वहीं मोहित पुत्र शौकत खां, जो विक्रमपुर की सरिया मिल में कार्यरत हैं, घटना की रात ड्यूटी पर थे और उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने के कुंडल, बाली, चांदी की मांग पट्टी, हाथफूल सहित करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात और 5 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। इसके अलावा नूर बी पत्नी नजाकत पिछले तीन माह से अपने मायके नरपतनगर (तहसील स्वार, जिला रामपुर) में रह रही थीं। उनके पति भी दो दिन पहले काम से आगरा गए थे। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के कई आभूषण, जिनमें बाली, टॉप्स, पेंडिल, मंगलसूत्र, अंगूठियां और पायल शामिल हैं, के साथ 12 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। पड़ोसियों ने सुबह ताला टूटा देख उन्हें सूचना दी।

तीनों वारदातें एक ही रात में होने से आशंका जताई जा रही है कि घटना को किसी एक गिरोह ने अंजाम दिया है। गुरुवार को पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# चंपावत के खेतों में बदलाव की आहट

- सेतु आयोग ने किसानों से किया सीध संवाद
- जनकांडे और खुतेली में कृषक गोष्ठी, मशीनीकरण, जैविक सुरक्षा और कोल्ड स्टोरेज पर बनी रणनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** कृषि और उद्यानिकी संवर्धन को नई दिशा देने के उद्देश्य से सेतु आयोग की टीम ने जनकांडे और खुतेली ग्रामसभा में किसानों के साथ संवाद और स्थलीय भ्रमण किया। कार्यक्रम के तहत सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने जनकांडे स्थित कौशल विकास केंद्र में कृषकों एवं बाटुली एफपीओ के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में किसानों ने खेती में आ रही समस्याएं खुलकर रखींख्रखासकर जंगली जानवरों से फसल नुकसान, मृदा गुणवत्ता और आधुनिक उपकरणों की कमी। राजशेखर जोशी ने आश्वस्त किया कि सरकार बाटुली एफपीओ के सहयोग से उन्नत कृषि, कृषि मशीनीकरण और फसलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ मिलकर ठोस समाधान पर काम कर रही है।

इस पहल के तहत चेन्नई की मीविप्रो, भागलपुर की स्टेपअपीफाई और बेंगलुरु की कैप्सबर कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बाटुली एफपीओ के नरेंद्र माहरा ने बताया कि छह माह के पायलट प्रोजेक्ट में कंपनियां मध्यगंगोल क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर कार्य करेंगी। योजना के तहत जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए जैविक स्प्रे का छिड़काव, खेतों से मिट्टी के नमूने लेकर बेंगलुरु की अत्याधुनिक प्रयोगशाला में परीक्षण और उसके आधार पर उपचार किया जाएगा। साथ ही किसानों को हल्के, बैटरी संचालित आधुनिक कृषि उपकरण ट्रायल के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। रेशम विभाग के विनोद माहरा ने विभाग द्वारा संचालित किसानहित योजनाओं की जानकारी दी और रेशम उत्पादन को आय का अतिरिक्त स्रोत बनाने पर जोर दिया। महिला कृषक पुष्पा देवी ने बैटरी संचालित ट्रैक्टर चलाकर आधुनिक तकनीक की उपयोगिता का प्रदर्शन किया, जिसने किसानों में खासा उत्साह भर दिया। राजशेखर जोशी ने बताया कि कृषि विभाग, सेतु आयोग और बाटुली एफपीओ के सहयोग से खुतेली में कोल्ड स्टोरेज निर्माण की योजना पर भी काम किया जा रहा है। इसके लिए चयनित स्थल का निरीक्षण कर संभावनाओं का आकलन किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह, गिरजा शंकर, प्रताप ढाली, किशोर सिंह, निर्मल बोहरा,महेश राम, प्रकाश माहरा, सूरज सिंह, लक्ष्मण सिंह, अर्जुन माहरा सहित जनकांडे और खुतेली के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद पहुंचे मझोला, भव्य स्वागत

- केंद्रीय मंत्री ने जनता की सुनी समस्याएं
- समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करने का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के मझोला आगमन पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने जनसहयोग कार्यालय मझोला पर सैकड़ों वरिष्ठ गणमान्य लोगों के साथ पंजाबी ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी व माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। कपिल अग्रवाल और आर्यांश अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को राधा कृष्ण का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

गुरुदेव लहरिया लक्खा सिंह, दारा सिंह सुलेंद्र सिंह, हरभजन सिंह ने उनको सरोपा डाल कर सम्मानित किया। जिला पंचायत सदस्य प्रेम सागर और डांडिया के प्रधान ज्ञानी वर्मा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानीत किया। इस मौके पर वार्ड संख्या 6 में बिजली घर कर पास बसे गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना दिलवाने तथा टांडा के लोगों ने रेलवे अंडर पास बनवाने, जनता की सुविधा के लिए मझोला में एक दिन उपजिलाधिकारी को बैठने, मझोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाकर नियमित चिकित्सक की नियुक्त करने, मझोला रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण और टनकपुर से हरमंदिर साहब, वैष्णो देवी, काशी विश्वनाथ तक ट्रेनों को शुरू करने, मझोला में दुरई एक्सप्रेस की समय सारिणी उपयुक्त होने के चलते उनके ठहराव की मांग, दियौनीडाम पुल के पुनर्निमाण तथा मझोला अमरिया मार्ग चौड़ीकरण की मांग की गई। वहीं केंद्रीय मंत्री ने सभी समस्याओं पर गम्भीरता से कार्य करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, सूरज सागर, धीरज वर्मा, प्रेम सागर, गुरदेव सिंह लाहौरिया, सूर्य वर्मा, रवींद्र सिंह नहीं, प्रमोद कुमार, सार्थक पटेल, प्रमोद कश्यप, अखिलेश गुप्ता, जसवंत मौर्य, अमरजीत सिंह, प्रवीण बंसल, राकेश बंसल, नितेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गुलशन स्वर्णकार, मनजिंदर सिंह, कारज सिंह, अवनीत सिंह, सतनाम ब्लॉगन, पंकज कुमार, विश्वनाथ, बरहा मझोला मंडल अध्यक्ष अनीता कश्यप समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।




# भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया 'बूथ विजय' का मंत्र

- भाजपा जिला कार्यशाला में चुनाव के लिए बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान' के अंतर्गत जिला कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के ओजस्वी स्वरों के साथ शुरू हुई इस बैठक में संगठन की वैचारिक सुदृढ़ता और आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए रणनीतिक कौशल पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है। हमारी असली शक्ति हमारे अनुशासित कार्यकर्ता हैं। आज इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराना और उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। मुख्य वक्ता और प्रदेश महामंत्री तरण बंसल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अभियान किसी भी संगठन की रीढ़ होता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने जिस एकात्म मानववाद का दर्शन हमें दिया, वह आज पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। जिला प्रभारी राकेश नैनवाल ने प्रशिक्षण की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम में रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, तरुण दत्ता, रमेश जोशी, विवेक सक्सेना, अमित पांडेय, हिमांशु शुक्ला, अमित नारंग, इंद्रपाल मान, श्रीपाल राणा, रोशन अरोरा, नेत्रपाल मौर्य,अनिल सिंह, योगेश वर्मा रश्मि रस्तोगी, राजेश तिवारी, प्रीती धीर, अक्षय अरोरा, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, अक्षय गेहलोत सहित मोर्चा के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।














### अपर सचिव ब्रजमोहन रावत का अपर निदेशक विद्यालय शिक्षा बनने पर विदाई दी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर में अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत की पदोन्नति अपर निदेशक विद्यालय शिक्षा उत्तराखंड के पद पर होने के फल स्वरुप विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विदाई के अवसर पर उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने उनके परिषद में 12 वर्ष के कार्यकाल की सराहना की।विभाग में उनके योगदान को अतुल्य बताया। विनोद सिमल्टी ने कहा कि उन्होंने सदैव अपने आदर्श कार्य, व्यवहार, आचरण से विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।शिक्षा विभाग में अपनी 35 वर्षों के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया और बदलते परिदृश्य शिक्षा के क्षेत्र में आने वाले चुनौतियों के लिए तैयार रहने का वहां सभी अधिकारियों कार्मिकों से किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों शिक्षकों कार्मिको को उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।परिषद के संयुक्त सचिव सीपी रतूड़ी ने उनके साथ अपने कार्यकाल के विभिन्न प्रेरणादायी अनुभवो को साझा किया। परिषद की उप सचिव सुषमा गौरव ने कहा कि उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों कार्मिकों के लिए मेन्टर के रूप में कार्य करते थे। हर अधीनस्थ के प्रति उनका व्यवहार बहुत ही सौहार्दपूर्ण था। समारोह को रामनगर के खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, परिषद के शोध अधिकारी शैलेन्द्र जोशी, डॉ नंदन सिंह बिष्ट, मनोज पाठक, सुजीत रावत, प्रकाश भट्ट आदि में संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दरपान सिंह रौतेला ने किया। इस दौरान मोहन नैनवाल, दिनेश जोशी, गोपाल कृष्ण जोशी, आलोक रावत, सुनील रावत, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारत ने जिम्बाब्वे को दिया 257 का लक्ष्य

## भारतीय टीम ने विश्वकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, अभिषेक और हार्दिक पांड्या की फिफ्टी, तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर 260 रन का है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था।

चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या ने छक्के से फिफ्टी पूरी की।

ब्रैड इवांस की आखिरी बाल पर पंडडा ने डीप स्क्वैयर लेग की दिशा में छक्का लगाया। पंडडा ने 23 बाल पर फिफ्टी लगाई। इसी के साथ भारत ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। 19वें ओवर में तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। पंड्या ने रिचर्ड नगारवा की पहली बाल पर चौका लगाया। इसी चौके से उन्होंने तिलक के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। तिलक वर्मा ने ओवर की चौथी और पांचवीं बाल पर छक्के लगाए। इस ओवर से 21 रन आए। 19वें ओवर में इंडिया ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। 17वें ओवर में भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। तिलक वर्मा ने ब्रैड इवांस की चौथी बाल पर एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 15वें ओवर की 5वीं बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 13 बाल पर 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिचर्ड नगारवा ने ताशिंगा मुसेकिवा के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा 30 गेंद पर 55 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें तिनोतेंदा मपोसा ने कप्तान सिकंदर रजा के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पार्टनरशिप कर भारत को संभाला।




### उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR200ISGC025867

Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org

उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि०

पत्रांक 1326 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 26-02-2026

विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर के अंतर्गत अधोलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | सामग्री/कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू०) | धरोहर राशि (रू०) | कार्य की अनुमानित लागत (रू०) | ई-निविदा प्रपत्र ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा के प्रथम भाग (तकनीकी) के ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 56/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र फौजी कालोनी/इटैव्वा में नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति। | 295/- | 16,000/- | 4.00/- | 24.03.2026 (11.00 बजे तक) | 25.03.2026 (12 .00 बजे से) |
| 2. | 57/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र फौजी कालोनी/इटैव्वा में नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु विद्युत लाईन को स्थापित किये जाने का कार्य। | 1180/- | 45,000/- | 15.00/- | | |
| 3. | 58/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र केलाखेड़ा में नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति। | 295/- | 16,000/- | 4.00/- | | |
| 4. | 59/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र केलाखेड़ा में नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु विद्युत लाईन को स्थापित किये जाने का कार्य। | 1180/- | 45,000/- | 15.00/- | | |
| 5. | 60/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र दोराहा/पिपलिया में नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति। | 295/- | 16,000/- | 4.00/- | | |
| 6. | 61/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र दोराहा/पिपलिया में नये संयोजन निर्गत किये जाने हेतु विद्युत लाईन को स्थापित किये जाने का कार्य। | 1180/- | 45,000/- | 15.00/- | | |
| 7. | 62/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड दोराहा में जमा/सांसद/विधायक निधि मद के अर्न्तगत किये जाने वाले कार्यो हेतु विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति । | 295/- | 10,000/- | 2.50/- | | |
| 8. | 63/ 2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड दोराहा मे जमा/सासंद/विधायक निधि मद के कार्यों हेतु विद्युत लाईन को स्थापित किये जाने का कार्य। | 590/- | 30,000/- | 10.00/- | | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वैब साईट www.uktenders.gov.in पर अवलोकित किया जा सकता है। 'राष्ट्रहित में विद्युत बचायें', विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।

Customer Toll Free No. 18004190405

अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर



### कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण लोहाघाट जनपद-चम्पावत

पत्रांक : 1168/कृ0भू0सं0अ0लो0/ई-निविदा/चेनलिंक फेंस/2025-26 दिनांक : 26/02/2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से कृषि विभाग, जनपद चम्पावत में जिला योजना एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में जंगली पशुओं से फसल सुरक्षा हेतु चेन लिंक फेंस एवं एंगिल आयरन पोस्ट से घेरबाड़ का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु चेन लिंक फेंस एवं एंगिल आयरन पोस्ट आपूर्ति ईनिविदा के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जानी है:-

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | सामग्रीआपूर्ति का स्थान | सामग्री की अनुमानित मात्रा | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदाप्रपत्र का मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चेन लिंक फेंस मेड औफ जी0आई0वायर मोटाइ 10 गेज 3.15 एम0एम0, 4 फिट 6 इंच ऊँचाई, मेस साईज 75एम0एम×75एम0एम0 (±4).chain link fence fulfill 2721 (2003) standard (As per IS 2721 (2003) (Mass of zinc coating 120 g/m²; एन0ए0बी0एल0 लैब से प्रमाणित लैब रिपोर्ट (पैकिग साईज 15 मीटर भार 38.00-42.00 किलो0 ग्राम ) | जनपद चम्पावत अन्तर्गत प्रस्तावित सम्बन्धित न्याय पंचायत के ग्राम/परियोजना स्थल तक | 60000 मीटर | 600000.00 | 4000.00+720.00 (जी0एस0टी0) |
| 02 | एम0 एस0 एंगल आयरन (35×35×5एम0एम0) आई0एस0आई0 मार्क, ऊँचाई 6.6 इंच, (एंगल पोस्ट की ऊपरी 4.5 फिटमें 05 होल 5 एम0एम0 के बराबर दूरी पर) भार लगभग 4.75-5.00किग्रा0 एवं निचले हिस्से पर 02 इंच का कट होगा साथ ही एंगल पोस्ट पर 01 कोट रेड ओक्साईड एवं 01 कोट पेन्ट जिसमें निचले आधे हिस्से पर पीला व ऊपरी हिस्से पर हरे रंग का प्रयोग किया जायेगा) | जनपद चम्पावत अन्तर्गत प्रस्तावित सम्बन्धित न्याय पंचायत के ग्राम/परियोजना स्थल तक | 20000 नग | | |

उक्त सामग्री की ई निविदा वैबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 27.02.26 अपराह्न 04:00 बजे से दिनांक 13.03.26 पूर्वाह्न 11:30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन हेतु उपलब्ध होगी। ई निविदा की टैक्निकल बिड भाग-1 दिनांक 13.03.26 को पूर्वाह्न 1:00 बजे (पी0एम0) कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट जनपद- चम्पावत में गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी।

**नोट:-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें वैबसाईट अथवा कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी लोहाघाट जनपद-चम्पावत में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।**

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी,
लोहाघाट (चम्पावत)।



### उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि०
### (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
### विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी (नैनीताल)

संख्या-857/वि0वि0ख0ग्रा0(ह0)/ **ई-निविदा सूचना** दिनांक 26-02-2026

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रु.) (बैंक ड्राफ्ट) | धरोहर धनराशि (रु. में) (एफडीआर/सीडीआर) | ई-निविदा क्रय करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | ई-निविदा भाग-1 खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ई0डी0डी0आर0 (एच0)/ई-निविदा, 73/2025-26 | अनुरक्षण मद में 33/11 केवी उपसंस्थान कमलुवागांजा के अनुरक्षण हेतु मैचिंग मैटरियल की आपूर्ति का कार्य। | 1180.00 | 45000.00 | 16/03/2026 (15:00 बजे तक) | 17/03/2026 (12:30 बजे तक) | 17/03/2026 (02:00 बजे) |
| 2 | ई0डी0डी0आर0 (एच0)/ई-निविदा, 74/2025-26 | अनुरक्षण मद में 33/11 केवी उपसंस्थान कठघरिया के अनुरक्षण हेतु मैचिंग मैटरियल की आपूर्ति का कार्य। | 1180.00 | 42000.00 | 16/03/2026 (15:00 बजे तक) | 17/03/2026 (12:30 बजे तक) | 17/03/2026 (02:00 बजे) |
| 3 | ई0डी0डी0आर0 (एच0)/ई-निविदा, 75/2025-26 | अनुरक्षण मद में दमुवाढूंगा सैक्शन के अनुरक्षण हेतु मैचिंग मैटरियल की आपूर्ति का कार्य। | 1180.00 | 45000.00 | 16/03/2026 (15:00 बजे तक) | 17/03/2026 (12:30 बजे तक) | 17/03/2026 (02:00 बजे) |

**कार्य की मदे एवं शर्तें विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।**
**''राष्ट्रहित में विद्युत बचाएं'' विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'' Customer Toll Free No. 1912**

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी।



### उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड
### विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), 33/11 केवी उपसंस्थान, कमलुवागांजा हल्द्वानी (नैनीताल)

पत्रांक: 858/वि0वि0ख0ग्रा0(ह0)/ दिनांक 26-02-2026

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जी.एस.टी., ई.पी.एफ., आयकर में पंजीकृत एवं विद्युत सुरक्षा निदेशालय में 'ए' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी, प्रतिष्ठित ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें निर्धारित निविदा प्रारूप पर निविदा खुलने की तिथि 17.03.2026 को समय 3:00 अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर राशि जो एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में होगी एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) के पदनाम प्रतिभूत होगी एवं आयकर एवं जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पंजीयन एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्र। निविदा के भाग-2 निविदा की वैधता (रू. 10 के स्टाम्प पेपर पर) एवं दरें होंगी। सशर्त एवं बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगीं। निविदा सम्बन्धी विवरण क्रमानुसार पढ़ा जाय-क्रम सं., कार्य का विवरण, धरोहर राशि, निविदा सं. एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क जी.एस.टी. सहित।

1-अनुरक्षण मद में लालकुआं उपखण्ड के विभिन्न क्षेत्रें में एल.टी. लाईन को एक फेस से थ्री फेस में बदलने एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु0 45000.00, 76/2025-26. रु0 1180.00 (कर सहित)।
2-अनुरक्षण मद में कमलुवागांजा उपखण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान कमलुवागांजा की मैस फैन्सिंग की मरम्मत का कार्य, रु0 30500.00, 77/2025-26, रु0 1180.00 (कर सहित)।
3-अनुरक्षण मद में कमलुवागांजा उपखण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान कठघरिया की मैस फैन्सिंग की मरम्मत का कार्य, रु0 33000.00, 78/2025-26, रु0 1180.00 (कर सहित)।

निविदा प्रपत्र, इस कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 16.03.2026 तक निविदा प्रपत्र की कीमत अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्राप्त निविदाओं में से किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार रखता है। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में प्राप्त एवं खोली जायेगी।

**Customer Care Toll Free No. 1912**
"Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org"
विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।
**'राष्ट्रहित में विद्युत बचाएं'**

**अधिशासी अभियन्ता**


### बाहरी दबाव और फिटनेस की दिक्कतें जिम्मेदार: दासुन

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से टीम के निराशाजनक रूप से सुपर आठ से बाहर होने के लिए बाहरी दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कोलंबो में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार में बुरा असर पड़ा और फिटनेस का स्टैंडर्ड भी खराब रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शनाका ने कहा कि टीम के आस-पास लगातार नेगेटिविटी खिलाड़ियों पर मेंटली असर डाल रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के तौर पर, हमारे लिए बाहर के शोर को कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। ज्यादातर समय, हम ज्यादातर नेगेटिव बातें सुनते हैं, इसलिए खिलाड़ी के तौर पर हम कितने भी पॉजिटिव क्यों न हों, बाहर से एक नेगेटिव माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल देश में क्रिकेट के भविष्य के लिए नुकसानदायक है और अधिकारियों से दखल देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि तो यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसानदायक है।


### कार्यालय परियोजना प्रबन्धक
### निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखण्ड पेयजल निगम, बडकोट-249141

pmgangabarkot@gmail.com

पत्रांक : 114/विविध-5 दिनांक 25.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी /नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा शाखा कार्यालय से दिनांक 12/03/2026 को 5:00 बजे तक क्रय की जा सकती है। निविदा प्रपत्र डाक से मांगने पर निविदा प्रपत्र मूल्य एवं डाक व्यय अतिरिक्त रू0 200.00 (दो सौ) मात्र का डिमान्ड ड्राफ्ट भेजकर जो परियोजना प्रबन्धक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई बडकोट के पदनाम से पेबिल एट उत्तरकाशी हो के साथ निर्धारित तिथि तक भेजकर प्राप्त कर सकते हैं। विलम्ब से डाक प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| क्र सं. | योजना का नाम | निविदा का मूल्य बिक्रीकर सहित | निविदा की तिथि | कार्य की अवधि माह | धरोहर धनराशि | न्यूनतम पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नासुका पे. योजना | 1500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 12500.00 | डी श्रेणी |
| 2 | कुर्सिल पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 14500.00 | डी श्रेणी |
| 3. | बजलाडी पमाडी पे. योजना | 1000.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 6000.00 | डी श्रेणी |
| 4. | बडियाडा पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 5. | उपला टिपरा पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 6. | मईडाडा पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 7. | दामणी पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 8. | बिरथा जरडा पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 9. | वागी पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 8500.00 | डी श्रेणी |
| 10. | बैरवा उपला पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 8500.00 | डी श्रेणी |
| 11. | कुनसेणी पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2025 | 45 दिन | 5500.00 | डी श्रेणी |
| 12. | निचला स्वाह गाड पे. योजना | 500.00+18% GST | 13/03/2026 | 45 दिन | 7500.00 | डी श्रेणी |
| 13. | घोसा पे. योजना | 1000.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 7500.00 | डी श्रेणी |
| 14. | कोला निचला पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9500.00 | डी श्रेणी |
| 15. | सिमलसारी आ.बस्ती तोक पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 16. | तियां पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 10000.00 | डी श्रेणी |
| 17. | बैलुडका पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 8000.00 | डी श्रेणी |
| 18. | बडाता पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 9000.00 | डी श्रेणी |
| 19. | तल्ला नगर पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 10000.00 | डी श्रेणी |
| 20. | कासला अनु. जाति बस्ती पे. योजना | 500.00+18% GST | 13.03.2026 | 45 दिन | 7000.00 | डी श्रेणी |

**नोट:-** धरोहर धनराशि परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एंव अनुरक्षण इकाई (गंगा), बड्कोट, के पदनाम से बन्धक करते हुये राष्ट्रीय बचत पत्र पो.ओ. सेविंग बैंक, किसान विकास पत्र, एफ.डी. जनपद उत्तरकाशी से निर्गत/मान्य होगी।

**( मानविरेन्द्र सिंह कफोला )**
**परियोजना प्रबन्धक**



### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जसपुर उधमसिंह नगर

पत्रांक : 1723/वि0निधि/निविदा सूचना/2025-26/ दिनांक : 23/02/2026

**निविदा सूचना**

विधायक निधि योजना में स्वीकृत वर्ष- 2025-26 के अन्तर्गत निम्नानुसार स्वीकृत कार्यो के सम्पादन हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता निम्न कार्यो हेतु विधायक निधि के अन्तर्गत प्राक्कलन के आधार पर जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 10.03.2026 के अपरान्ह 12 बजे तक मोहर बन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 02 बजे से पंजीकृत ठेकेदार अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी, जसपुर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की छाया प्रति प्रस्तुत कर तथा निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर निविदा प्रपत्र दिनांक- 09.03.2026 तक प्रातः 11 बजे से सांय 04 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय जसपुर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा सम्बन्धी शर्तें /अन्य जानकारी उक्त दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ खण्ड विकास अधिकारी के पद नाम से धरोहर राशि केवल डाकघर वचत पत्र /के0बी0पी0/एन0एस0सी0/एफ0 डी0 आर0 के रुप में मान्य होगी। व 100 रु0 नौनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर 1.00 रु की रसीदी टिकट लगा/चस्पाकर हस्ताक्षर सहित संलग्न करते हुए निर्धारित समय में जमा करना होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगीं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क सं | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि लाख रु. में | धरोहर राशि रु0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करनेकी अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम श्यामनगर में सडक से गप्पूर के घर तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य 100मी0 | 10.65 | 31950.00 | 1500+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 2 | ग्राम सरवरखेडा में अनाज मण्डी के पीछे विनोद के घर से गुडडी के घर तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य 50 मी0 | 8.85 | 26550.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 3 | ग्राम कुण्डा में अहमद के घर से इरफान के घर तक सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य 100मी0 | 10.20 | 30600.00 | 1500+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 4 | नगर क्षेत्र गढीनेगी में धार्मिक स्थल पर लिण्टर का कार्य (धार्मिक कार्य) | 8.00 | 24000.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**जसपुर (उधमसिंह नगर)**

